हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 1 अप्रैल 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 टॉकीज से निकलते ही पति ने साथियों के साथ...




05 टैक्सी में जा रही महिला से झपट मारी दो आरोपी...



### मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ परमात्मा की मनमोहक अंगीरचना की गई

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर जैन समाज ने निकाली रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव जैन श्वेतांबर समाजजनों ने मंगलवार को हर्षोल्लास तथा धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर में रथ यात्रा निकाली गई जिसमें परमात्मा को कलात्मक रथ में विराजित कर निकाला गया। मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ परमात्मा की मनमोहक आंगी रचना भी की गई। वर्तमान शासन नायक, अहिंसा एवं करुणा के अवतार श्रमण भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज द्वारा साध्वी लयस्मिता श्री जी म.सा. आदि ठाणा 05 के सानिध्य में आयोजित त्रिदिवसीय धार्मिक महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को नगर में प्रातः 9 बजे श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी से महावीर के जयकारो के साथ रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों व महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। रथयात्रा में परमात्मा को फूलों से सुसज्जित कलात्मक रथ में विराजित किया गया था। स्थान-स्थान पर समाज की महिलाओं द्वारा परमात्मा के समक्ष गहुली कर उनकी अगवानी की गई।

**नगरवासियों का मुंह मीठा कराया:** भगवान के जन्म की खुशी में नगर वासियों का मुंह मीठा कराने के लिए रथ यात्रा के पीछे एक वाहन चल रहा था। जिसमें लाभार्थी प्रेमचंद जितेंद्र कुमार सकलेचा परिवार बैठा था जिनके द्वारा रथ यात्रा के दौरान नगरवासियों को नुक्ति की मिठाई का वितरण किया जा रहा था। प्रमुख मार्गो से रथ यात्रा का चल समारोह शिवाजी चौराहे होते हुए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन पहुंचा।

**परमात्मा का जन्म कल्याणक मनाया:** साध्वी मंडल के सानिध्य में जैन आराधना भवन में समाज जनों द्वारा पहली बार अहिंसा एवं करुणा के अवतार भगवान महावीर का जन्म कल्याणक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साध्वीजी द्वारा भगवान के जन्म का वृतांत सुनाया गया। लाभार्थी प्रितेश कुमार प्रेमचंद तिलगोता परिवार द्वारा भगवान के जन्म के दृष्टांत के बाद भगवान को पालन जी झुलाया गया। समाज जनों ने भी पालनाजी मैं देवाधिदेव परमात्मा को झुलाया। भगवान की भुआ बनने का लाभ प्रीति पुनीत कुमार फाफरिया परिवार ने लेकर जन्म के बाद घंटनाद किया। जन्म कल्याण के अवसर पर मंगलवार को प्रातः परमात्मा का अभिषेक व पूजन लाभार्थी वीरेंद्रकुमारजी सुमनजी ठाकुरिया परिवार इंदौर द्वारा समाजजनों के साथ मिलकर किया गया। जन्म कल्याणक के अवसर पर प्रातः 6:45 बजे मंदिरजी से ढोल ढमाको के साथ जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप तथा युवा यूनिक के युवाओं द्वारा प्रभु वीर के जयकारे लगाते हुए नगर में प्रभात फेरी भी निकाली गई। दोपहर 2 बजे मंदिरजी में जन्म कल्याणक पूजन चंद्रप्रभु बहु मंडल के द्वारा पढ़ाई गई। जन्मकल्याणक पर मंदिरजी में परमात्मा की मनमोहक अंगीरचना भी की गई।

जैन श्वेताम्बर धर्मशाला में साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। रात्रि 8 बजे प्रतिक्रमण पश्चात जिन मंदिरजी में परमात्मा की महाआरती लाभार्थी प्रेमचंद जितेंद्र कुमार सकलेचा परिवार द्वारा की गई।

### 3500 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना

## आगर-मालवा में औद्योगिक विकास की नई शुरुआत, 175 निवेशकों ने दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगर-मालवा जिले में औद्योगिक विकास का नया अध्याय शुरू हो गया है। पहली बार जिले में योजनाबद्ध तरीके से विकसित किए गए औद्योगिक क्षेत्रों के लिए निवेशकों की उत्साहजनक भागीदारी सामने आई है। हाल ही में आयोजित औद्योगिक प्लॉट्स की बिडिंग प्रक्रिया में दो औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 175 निवेशकों ने रुचि दिखाई, जिससे जिले में निवेश और रोजगार के नए अवसर बनने की उम्मीद बढ़ गई है।

दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में 394 औद्योगिक प्लॉट विकसित किए गए हैं। बिडिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब जिले में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना है। जिन प्लॉट्स का आवंटन नहीं हो सका है, उनके लिए पुनः बिडिंग प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। औद्योगिक क्षेत्र पूरी तरह विकसित होने पर जिले में लगभग 550 करोड़ रुपये के निवेश तथा 3500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार उपलब्ध होगा और बड़े शहरों की ओर पलायन में कमी आएगी। साथ ही परिवहन, होटल, खान-पान, मरम्मत एवं अन्य सेवा क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) ने प्लॉट लेने वाले निवेशकों के लिए समय-सीमा निर्धारित की है। प्लॉट आवंटन के बाद दो वर्ष के भीतर उद्योग स्थापना का कार्य प्रारंभ करना अनिवार्य होगा। शहर से लगभग 5 से 6 किलोमीटर दूरी पर विकसित किए गए औद्योगिक क्षेत्रों से निवेशकों को परिवहन और आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे उद्योग संचालन में लागत कम होगी। फेज-क औद्योगिक क्षेत्र 29.47 हेक्टेयर में विकसित किया गया है, जहां 231 प्लॉट उपलब्ध हैं। यहां करीब 350 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 2000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। वहीं फेज-कक औद्योगिक क्षेत्र 39.95 हेक्टेयर में विकसित किया गया है, जिसमें 183 प्लॉट हैं और लगभग 200 करोड़ रुपये के निवेश तथा 1500 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। दोनों क्षेत्रों में औद्योगिक प्लॉट्स के साथ कमर्शियल और वेयरहाउस हेतु भी स्थान उपलब्ध कराया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक जिले को औद्योगिक रूप से विकसित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना है। सरकार द्वारा उद्योग स्थापना प्रक्रिया को सरल बनाते हुए निवेशकों को प्रोत्साहन और आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है और आगर-मालवा तेजी से एक उभरते औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## घर के बुजुर्ग सबसे बड़ी पूंजी हैं : पं. पाठक

**सीहोर।** आज के युग में घर के बुजुर्ग सबसे बड़ी पूंजी हैं। वे हम सबको रास्ता दिखाते हैं। बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके पास अनुभव, संस्कार, ज्ञान होता है। उनका सम्मान सामाजिक दायित्व है। भारतीय संस्कृति की नींव है। यह बात कथा व्यास पंडित मोहितराम पाठक ने कही। रविवार को माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार ने संत श्री श्री 1008 पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के आशीर्वाद से 51 वरिष्ठों का सम्मान किया। कार्यक्रम निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में हुआ। पंडित मोहितराम पाठक का सानिध्य रहा। शुरुआत गोमाता पूजन से हुई। कलश पूजन हुआ। भगवान केदारेश्वर महादेव की आरती की गई। पंडित पाठक ने कहा वृद्धजन बोझ नहीं हैं। वे आशीर्वाद हैं। सम्मान से उन्हें गरिमापूर्ण जीवन मिलता है। आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा मिलती है। उन्होंने बुजुर्गों की सेवा का संकल्प लेने की बात कही। श्रीराम गोशाला गोतीर्थ क्षेत्र में पिछले 20 साल से बेसहारा गोवंश की सेवा हो रही है। माधव महाकाल आरोग्य आश्रम सेवा कार्य कर रहा है।

6 पार्षदों ने किया समर्थन, दो रहे बैठक से अनुपस्थित

## बड़ागांव नगर परिषद में सात पार्षदों ने किया बजट बैठक का विरोध

**नलखेड़ा।** नगर परिषद बड़ागांव में परिषद द्वारा दूसरी बार आहूत की गई आगामी वित्तीय वर्ष के वार्षिक बजट बैठक का सात पार्षदों ने विरोध कर इस संबंध में एक पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिया है। बैठक में उपस्थित पार्षदों में से 6 ने बजट बैठक का समर्थन किया, वहीं दो पार्षद बैठक से अनुपस्थित रहे। नगर परिषद बड़ागांव में सोमवार को दूसरी मर्तबा आगामी वित्तीय वर्ष के आय व्यय को लेकर वार्षिक बैठक रखी गई थी।

परिषद द्वारा आयोजित उक्त बैठक का नगर परिषद के 7 पार्षदों के द्वारा विरोध किए जाने से दूसरी बार भी नगर परिषद बड़ागांव की बजट बैठक को निरस्त करना पड़ा। जिसके कारण परिषद का आगामी वित्तीय वर्ष का बजट पास नहीं हो सका। इस संबंध में परिषद के इन सात पार्षदों ने अपने हस्ताक्षर से लिखित एक पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिया गया जिसमें आयोजित बैठक को लेकर अपने विरोध संबंधी सूचना दी गई।

**इनका कहना है...**

नगर परिषद के आगामी वित्तीय वर्ष के बजट को लेकर सोमवार को बैठक रखी गई थी। बजट बैठक को लेकर सात पार्षदों ने एक सूचना पत्र दिया है। जिसमें विरोध दर्ज कर परिषद के सम्मेलन को रद्द किए जाने की मांग की गई थी। वहीं बैठक के पक्ष में 6 पार्षद रहे। दो पार्षद की बैठक से अनुपस्थित रही।

**प्रेमशंकर परमार**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बड़ागांव, जिला आगर मालवा

## चंद्रमा के आसपास दिखाई दिया गोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



सोमवार को नगर सहित क्षेत्र में हुई हल्की वर्षा के बाद रात्रि लगभग 10 से 11 बजे तक चंद्रमा के आसपास एक सफेद गोला दिखाई दिया। इस दृश्य को नगर में कई नागरिकों द्वारा अपने कैमरे में भी कैद किया है। विशेषज्ञ इसे बारिश के बाद की सामान्य घटना बता रहे हैं।

सोमवार रात्रि में हुई इस घटना को लेकर ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के खगोल विशेषज्ञ शैलेन्द्र कसेरा ने बताया कि कभी कभी रात को चंद्रमा के चारों ओर आकाश में रिंग गोल अंगूठी या घेरे जैसा दिखाई देता हैं। इसे विज्ञान की भाषा में चंद्र प्रभामंडल या लूनर हेलो कहा जाता है। यह कोई अलौकिक घटना नहीं, बल्कि बारिश में दिखाई देने वाले इंद्रधनुष की तरह एक सामान्य घटना है जो तब दिखाई देता है। जब बीस हजार फिट या इससे भी अधिक ऊंचाई पर बर्फ के क्रिस्टल वाले बादल जिसमें लाखों छोटे-छोटे षट्कोणीय बर्फ के क्रिस्टल होते हैं। जब चंद्रमा का प्रकाश इन बर्फ के क्रिस्टलों से होकर गुजरता है, तो वे एक प्रिज्म की तरह काम करते हैं और प्रकाश को मोड़ देते हैं। जिससे चंद्रमा के चारों ओर एक वृताकार रिंग बन जाती है। इसलिए इसे 22 डिग्री हेलो भी कहा जाता हैं। इसके कारण आकाश में बर्फ के क्रिस्टलों द्वारा चांदनी के अपवर्तन के कारण बनने वाला एक सुंदर दृश्य बनता है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बढ़कर 10 अप्रैल हुई

नलखेड़ा। प्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 30 मार्च को जारी किए गए पत्र में बताया गया कि रबी वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु जारी नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित जारी की गई है। राज्य सरकार द्वारा उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल, नर्मदापुरम संभाग में 10 अप्रैल से गेहूं खरीदी की जाएगी, वहीं प्रदेश के शेष संभागों में 15 अप्रैल से खरीदी प्रारंभ होगी। ज्ञात रहे की राज्य शासन द्वारा किसानों से गेहूं उपार्जन की तिथि में दूसरी बार संशोधन किया गया है। बताया जाता है कि पूर्व में खरीदी 15 मार्च से की जाना थी। जिसे संशोधित कर 1 अप्रैल की गई थी। अब पुनः इस तारीख को संशोधन कर 10 अप्रैल कर दिए जाने से किसानों के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। किसानों द्वारा सहकारी संस्थाओं से लिए गए कृषि ऋण अदायगी की अंतिम तारीख 31 मार्च को नहीं बढ़ाये जाने से वैसे ही किसान चिंतित है। कई किसानों द्वारा कम मूल्य पर अपनी गेहूं की उपज बेचकर कृषि ऋण जमा किया गया है। तो कई किसान अपनी कृषि ऋण राशि अभी भी जमा करवाने से वंचित होने से उन्हें अब दंड ब्याज की राशि भी चुकानी होगी। वहीं किसानों को अन्य पारिवारिक आयोजनों के लिए रुपये पैसे की तंगी से भी जूझना पड़ेगा।

## पानी संकट पर युवक टंकी पर चढ़ा, एक घंटे तक मचाया हंगामा, पुलिस की समझाइश के बाद उतरा नीचे

**सीहोर।** जिले में जल संकट के बीच एक युवक पानी की मांग को लेकर इछावर के आजाद चौक स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। उसने करीब एक घंटे तक हंगामा किया और प्रशासन से पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की।



जानकारी के अनुसार, युवक टंकी पर चढ़कर जोर-जोर से चिल्ला रहा था और पानी की समस्या को उजागर कर रहा था। जब स्थानीय लोगों की समझाइश के बाद भी वह नीचे नहीं उतरा, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इछावर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को काफी देर तक समझाया। पुलिस की समझाइश के बाद अधेड़ व्यक्ति पानी की टंकी से नीचे उतर आया। यह घटना सीहोर जिले में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को दर्शाती है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

## कांग्रेस का प्रदर्शन: केंद्र-प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में निकाली शव यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में सोमवार शाम को जिला मुख्यालय पर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से महंगाई की शव यात्रा निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि इनकी अपरिपक्व नीतियों के कारण आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से बिजली दरों में होने वाली अप्रत्याशित वृद्धि और गैस सिलेंडरों की किल्लत ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। जिले में गैस की अनुपलब्धता के कारण चाय-नाश्ते की छोटी दुकानें बंद होने की कगार पर हैं, जिससे शादी वाले परिवारों और भंडारा समितियों के सामने भी संकट खड़ा हो गया है।

### डीजल की कमी का मुद्दा उठाया

राजीव गुजराती ने डीजल की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को पारंपरिक रूप से केन और ड्रम में मिलने वाला डीजल अब उपलब्ध नहीं है, जिससे खेती-किसानी के कार्यों में बाधा आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत और महंगाई ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस के इस प्रदर्शन के लिए जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं, समन्वय समिति के सदस्यों, ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस और सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को एकजुट होने का आह्वान किया था। शव यात्रा कोतवाली चौराहा से प्रारंभ हुई। गुजराती की अपील पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस आंदोलन में शामिल हुए, ताकि भाजपा सरकार की विफलताओं और जनता के हक की लड़ाई लड़ी जा सके।

## नौसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए मौका 6 अप्रैल तक, 10वीं और 12वीं पास कर सकेंगे आवेदन

**सीहोर।** अग्निवीर योजना के तहत भारतीय नौसेना ने नया नोटिफिकेशन जारी किया है। साइंस के साथ 12वीं पास उम्मीदवारों को नेवी जॉइन करने का मौका मिलेगा। भर्ती में पहली बार सीनियर सेकंडरी रिक्रूट एसएसआर मेडिकल असिस्टेंट पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

यह कैटेगरी पहली बार जोड़ी गई है। मैट्रिक रिकूट भी आवेदन कर सकेंगे। पदों की संख्या अभी घोषित नहीं हुई है। आवेदन की अंतिम तारीख 6 अप्रैल है। आवेदन शुल्क 500 रुपए रखा गया है। शुल्क ऑनलाइन जमा होगा।

पात्रता के अनुसार महिला उम्मीदवार भी आवेदन कर सकेंगी। महिलाएं केवल एसएसआर और एमआर पदों के लिए पात्र होंगी। एसएसआर मेडिकल असिस्टेंट पद के लिए केवल अविवाहित पुरुष उम्मीदवार ही आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा में 30 मिनट में कुल 50 सवाल हल करने होंगे। हर सवाल 1 नंबर का होगा। पेपर हिंदी और अंग्रेजी में होगा। अग्निवीर एसएसआर के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। गणित और फिजिक्स के साथ केमिस्ट्री, बायोलॉजी या कंप्यूटर साइंस में से कोई एक विषय होना चाहिए।

चयनित 4 साल तक नेवी में सेवाएं देंगे ऑनलाइन आवेदन के बाद सबसे पहले स्टेज-1 परीक्षा होगी। स्टेज-2 में शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, भर्ती मेडिकल परीक्षण होगा। नियमों के अनुसार एनसीसी सी प्रमाणपत्र धारकों को स्टेज-1 से छूट मिल सकती है। मेडिकल में फेल होने पर उम्मीदवार का चयन निरस्त कर दिया जाएगा।

फिजिकल टेस्ट में पुरुष अभ्यर्थियों को 6 मिनट 30 सेकंड में 1600 मीटर दौड़, 20 स्क्वेट्स, 15 पुशअप्स, 16 सिट अप्स लगाने होंगे। महिलाओं को 8 मिनट में 1600 मीटर दौड़, 15 उठक-बैठक, पुशअप्स, 10 सिट अप्स लगाने होंगे। चयनित उम्मीदवार 4 साल तक नेवी में सेवाएं देंगे। पहले साल वेतन 30,000 रुपए महीना होगा। वेतन बढ़कर 40 हजार तक पहुंचेगा। 4 साल पूरे होने पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुछ जवानों को नेवी में स्थाई किया जाएगा।


**खबर संक्षेप**

## हनुमान जन्मोत्सव पर छोटे हनुमान चौक में विशाल भंडारा



**भौरासा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है जिसको लेकर नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिरों में विशेष तैयारियां चल रही है। इसके साथ ही बड़े हनुमान चौक स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर विशेष विद्युत सज्जा, विशेष श्रृंगार, भव्य आरती सहित सुंदरकांड विशेष प्रसादी वितरण किया जाएगा। वही गड़ी मंदिर स्थित बाबा श्री खेड़ापति का विशेष श्रंगार कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। छोटे हनुमान चौक में श्री पंचमुखी हनुमान का विशेष श्रृंगार कर शाम को भव्य आरती और भंडारे का
आयोजन हनुमान सेवा समिति द्वारा किया जाएगा।

## अनुचित खबरों के बाद पार्टी ने किया पद मुक्त


भारतीय जनता पार्टी देवास (म.प्र.)
देवेन्द्र नवगोत्री
अध्यक्ष
भा.ज.पा. सीनियर मण्डल जिला - देवास
Email : vanshnavgotri@gmail.com
Mob.: 9826775331, 9691027088
दिनांक 31-3-26
प्रति,
श्रीमान जिलाध्यक्ष महोदय,
भारतीय जनता पार्टी, जिला देवास
विषय :- मंडल में महामंत्री नीतु जाधव एवं मंत्री राजु सोनी को पद मुक्त करने बाबद।
महोदय,
उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि सीनियर मंडल कि महामंत्री श्रीमती नीतु जाधव एवं मंत्री श्री राजु सोनी की सोशल मिडिया पर इनके खिलाफ लगातार अनुचीत खबरें चल रहीं है जिससे पार्टी की छवी धूमिल हो रही है।
अतः मेरे द्वारा दोनों को पार्टी के पद से मुक्त करने की अनुसंशा करता हुं।
देवेन्द्र नवगोत्री
मण्डल अध्यक्ष
31-3-26
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, जिला देवास

**देवास।** भाजपा के सीनियर मंडल के नगर मंत्री राजू सोनी और भाजपा नेत्री नीतू जाधव के बीच कथित संबंधों को लेकर विवाद उपजा है। यह मामला तब सार्वजनिक हुआ जब राजू सोनी की पत्नी दर्पण सोनी ने सीधे पुलिस अधीक्षक (SP) कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। मामला प्रकाश में आने के बाद पार्टी ने अनुचित खबरों का हवाला देते हुए दोनों को पद से मुक्त कर दिया है।

### पत्नी और दोस्त का किडनैप, मल्टीप्लेक्स के बाहर मारपीट का वीडियो वायरल

# टॉकीज से निकलते ही पति ने साथियों के साथ किया हमला, आरोपी को इंदौर से दबोचा

पुलिस ने आधी रात इंदौर से दबोचा आरोपियों ने पत्नी और उसके दोस्त को फिल्मी स्टाइल में अगवा किया और मौके से फरार हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में सोमवार रात एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई, जहां एक युवक ने अपनी पत्नी और उसके दोस्त को सरेआम पीटते हुए कार में जबरन बैठाकर अगवा कर लिया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। आरोपी रवि अपने साथियों के साथ पहले से ही मल्टीप्लेक्स (अभिनव टॉकीज) के बाहर घात लगाकर बैठा था। जैसे ही महिला अपने मित्र चिरायु पाठक के साथ फिल्म देखकर बाहर निकली, आरोपियों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। हमले में महिला के दोस्त के सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद दोनों को फिल्मी स्टाइल में जबरन कार में डालकर मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी कि दो युवक एक महिला और युवक को जबरन कार में ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आई और तत्काल टीम गठित की गई। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपियों को ट्रेस कर देर रात इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। अपहरण में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त कर ली गई है। कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा के अनुसार, पीड़ित महिला मूल रूप से इंदौर की रहने वाली है और पति रवि से विवाद के चलते अलग रह रही थी। वह इन दिनों भौंरासा निवासी चिरायु पाठक के यहां ठहरी हुई थी। घटना वाले दिन दोनों फिल्म देखने गए थे, तभी यह वारदात हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अपहरण और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला



दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक अन्य की तलाश जारी है।

# नरवाई जलाने पर 10 किसानों पर एफआईआर दर्ज की गई

### वैकल्पिक विधि अपनाने की अपील



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के सख्त निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के उद्देश्य से नरवाई जलाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। उपसंचालक कृषि विभाग गोपेश पाठक ने बताया कि अभी तक जिले में नरवाई जलाने पर 10 किसानों पर एफ.आई.आर दर्ज की जा चुकी हैं। जिसमें देवास तहसील के ग्राम लिम्बोदा, सुमराखेड़ा, बैरागढ़, लसुड़िया सोंडा, मेंढकीचक, लोहार पीपल्या, सतवास तहसील के ग्राम बाईजगवाड़ा, कन्नौद तहसील के ग्राम बारूट खेड़ा तथा टोंकखुर्द तहसील के ग्राम बिरगोद के किसान सम्मिलित हैं। जिला प्रशासन द्वारा किसान भाइयों से लगातार अपील की जा रही है कि नरवाई ना जलाएं। नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता नष्ट होती है, वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है। इसलिए किसान भाइयों से अनुरोध है कि नरवाई में आग न लगाएं। इसके बजाय वैकल्पिक विधियां अपनाएं जैसे स्ट्रॉ रिपर का उपयोग कर भूसा बनाएं। रोटावेटर/कल्टीवेटर के माध्यम से नरवाई को भूमि में बारीक करके अच्छी तरह मिलाएं। बायो डीकंपोजर का छिड़काव कर नरवाई को जल्दी सड़ाएं।₹ इन वैकल्पिक विधियों के माध्यम से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है, लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु (माइक्रोब्स) बढ़ेंगे, फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

# विश्व शांति के लिए संदेश देते हुए मनाई भगवान महावीर जयंती, संपूर्ण नगर हुआ महावीरमय

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जयंती आज देवास नगर के समग्र जैन समाज द्वारा अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसके चलते संपूर्ण नगर महावीरमय बन गया। विश्व के वर्तमान हिंसात्मक वातावरण का समाधान महावीर के अहिंसा एवं मैत्री सिद्धांत द्वारा ही हो सकता है। इसी उद्देश्य वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है को प्रदर्शित करते हुए निकली झांकी की सर्वत्र प्रशंसा हुई एवं आकर्षण का केन्द्र बनी।

महावीर प्रभु के जन्मोत्सव की खुशियां मनाते हुए श्रद्धालु नौजवान झूमते- नाचते चल रहे थे। चांदी के सुसज्जित रथों में बैठकर जब भगवान महावीर स्वामी नगर भ्रमण पर विशाल शोभा-यात्रा के साथ निकले तो श्रीफल एवं अक्षत से अपने प्यारे प्रभु की अगवानी के लिये श्रद्धालु दौडे चले आये। आयोजन में समिति के अध्यक्ष विजय जैन, महासचिव शैलेन्द्र चौधरी, भरत चौधरी, सचिव संजय कटारिया एवं पदाधिकारी अतुल जैन, मनीष जैन कायथावाला, मुकेश चौधरी, विशाल जैन , नितिन जैन मानव, पारस जैन, सुनील जैन घोटू, रिंकेश जैन, प्रदीप जैन तुमसरवाला, पारस जैन इटावा, निलेश जैन, सतीश जैन, ने सहयोग प्रदान किया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेरक नृत्य नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। नगर के सभी जैन मंदिरों में अनेक विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। जैन धर्मावलंबियों ने अपने निवास स्थान पर केशरिया एवं जैन ध्वज फहराये तथा दीपक जलाये। साथ ही सभी जैन मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। मुख्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा सुबह 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पाश्र्वनाथ मंदिर से निकाली गई। शोभायात्रा वर्धमान जैन स्थानक, श्री आदेश्वर मंदिर ,श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर मंदिर, श्री चन्दाप्रभु मंदिर एम.जी. रोड़, श्री चन्दाप्रभु माणिभद्र मंदिर, जवाहर चौक होते हुए श्री शंखेश्वर पाश्र्वनाथ मंदिर पर समाप्त हुई।

# प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू होगा स्कूल चलें हम अभियान, उपमुख्यमंत्री शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे ₹स्कूल चलें हम₹ अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं। इस दौरान प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव



कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम देवास के स्कूल क्रमांक 3 में होगा।

आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा।

कक्षा 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई है। प्रदेश सहित जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 10.00 बजे शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-03 राधाबाई हायरसेकेंड्री के सामने देवास में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 शाला प्रवेश कार्यक्रम आयोजित होगा।

# बैठक में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से हुआ मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज देवास इकाई की महत्वपूर्ण बैठक किंग जार्ज स्कूल, कैला माता मंदिर रोड, देवास में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राजेश पटेल, के.के. गौर, नवीन नाहर, रामभान सिंह, सम्पति पटेल, वृजराज सिंह, रमेशचन्द्र गौर एवं अलका कनोजिया सहित अन्य सदस्यों ने बीते एक वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी कार्ययोजना पर अपने विचार रखे।

सभी वक्ताओं ने आगामी 4 एवं 5 अप्रैल को जबलपुर में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय कुर्मी पाटीदार महासभा में देवास इकाई से अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति




से जसराज (बबलू) पाटीदार को समाज संरक्षक पद पर, राजेश पटेल को संयोजक पद पर एवं महिला संगठन की अध्यक्ष के रूप में अल्का कनोजिया का मनोनयन किया गया।

इसके साथ ही अल्का कनोजिया को महिला समिति के गठन एवं अन्य पदों पर नियुक्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान प्रवीण पटेल, अच्छेलाल पटेल, पुष्पराज पटेल, राजेन्द्र पटेल, रामनारायण पटेल, चंद्रशेखर पटेल आदि बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन के.के. गौर ने किया। आभार नवीन नाहर ने माना। बैठक का समापन समाज की एकजुटता एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# मंदिर में बजा डंका, एक माह तक नहीं होंगे शुभ कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में मंगलवार चैत्र सुदी 13 के अवसर पर शीतला माता मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर डंका बजाया गया। सुबह 10 बजे माली मोहल्ला, कुमावत मोहल्ला, लोधी मोहल्ला, गोया भौरासा और खेड़ा स्थित शीतला माता मंदिरों में नगर वसूली पटेल यसवंत सिंह राजपूत द्वारा पूजा की गई। पूजा-अर्चना नगर पुरोहित संजय जोशी ने संपन्न कराई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।डंका बजने के साथ ही नगर में एक माह तक सभी प्रकार के शुभ कार्यों पर विराम लग गया है।



अब 29 अप्रैल (वैशाख सुदी 13) तक किसी भी घर में विवाह, मांगलिक कार्यक्रम या ढोल-डंका नहीं बजेगा। इस दौरान केवल शीतला माता मंदिरों में प्रतिदिन डंका बजेगा।पटेल यसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह 6 बजे गाँव गैर शीतला माता पूजन होगा, जिसकी शुरुआत वे स्वयं करेंगे, इसके बाद पूरे नगर में सामूहिक पूजन किया जाएगा।

यह आयोजन लगभग 20-21 वर्षों बाद पुनः हो रहा है, इससे पूर्व वर्ष 2005 में यह परंपरा निभाई गई थी।नगर पुरोहित संजय जोशी के अनुसार, तय तिथि के अनुसार 31 मार्च से 29 अप्रैल तक एक माह तक नगर में सभी मांगलिक कार्य पूर्णतः बंद रहेंगे। इस अवसर पर मंदिर पुजारी सुखराम प्रजापति सहित भगवान सिंह कामदार, सुरेश यादव, अनिल चावड़ा, जय सिंह राणा, जीवन सिंह ठाकुर, बद्रीलाल लोधी, बंसीलाल कारपेंटर, डॉ. कैलाश कुंभकार, ओम जायसवाल, प्रमोद पालीवाल, कमल यादव, शेखर ठाकुर, राजेश लोधी, विजय कुमावत, मुकेश कुमावत, प्रदीप ठाकुर उपस्थित रहे।

### गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

# अखिल भारतीय सम्मलेन में देशभर से जुटे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का पांचवां निःशुल्क अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 29 मार्च को शहर के श्याम गार्डन में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से करीब 2000 से अधिक समाजबंधुओं की सहभागिता रही, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश जोशी रहे, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष माया त्रिवेदी ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रानी व्यास, राष्ट्रीय महिला महामंत्री भारती तिवारी, प्रांतीय महामंत्री सुबोध शर्मा, प्रांतीय महिला अध्यक्ष प्रीति पुरोहित, महिला महामंत्री शीला शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक संजय शुक्ला, अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष धार स्वतंत्र जोशी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवास प्रयास गौतम, सूरत से देवकीनंदन उपाध्याय, गुजरात के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा, मध्यप्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष भेरूलाल शर्मा, इंदौर के योगेंद्र महंत (पूर्व मंत्री), देवास पार्षद दीपेश कानूनगो एवं पार्षद अर्पणा जोशी, उज्जैन के एडवोकेट आशीष उपाध्याय, आंध्र एवं तेलंगाना के प्रांतीय अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय, राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र शर्मा एवं पुरुषोत्तम शर्मा, फ्रीगंज अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप तिवारी तथा आर.पी. मिश्रा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा महर्षि गौतम की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत समिति के संरक्षक कमलेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित पूरी टीम ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। महिला पदाधिकारियों का स्वागत चंचल व्यास, कविता शर्मा, संध्या आचार्य, अंकिता व्यास, प्रज्ञा व्यास और उषा मोदी द्वारा किया गया। स्वागत भाषण में प्रमोद व्यास ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज के 21 समाजसेवियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें अशोक व्यास, डॉ. आर.के. शर्मा, केदार त्रिपाठी, विनोद शर्मा, चंद्रशेखर त्रिवेदी, शांतीलाल शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रवीण शर्मा (इंदौर), ओ.पी. दुबे (हरदा), रेखा शर्मा (उज्जैन), निर्मला तिवारी एवं डॉ. अरुणिमा सहित अन्य शामिल रहे। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण युवक-युवतियों का परिचय सत्र रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया।

# कांग्रेस ने शव यात्रा निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़




बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि व उपलब्धता की कमी, बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी, पेट्रोल-डीजल की कमी तथा सेवा सहकारी संस्थाओं की राशि जमा करने की तिथि बढ़ाने जैसी मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल पुरोहित ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि किसानों के साथ लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक सरकारी खरीदी शुरू नहीं हुई है और सेवा सहकारी संस्थाओं की जमा तिथि नहीं बढ़ाई गई, जिससे लगभग 70 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो चुके हैं।

नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा ने किसानों की फसलों को उचित मूल्य नहीं मिलने और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सरकार को घेरा। वहीं कांग्रेस नेता राजेश होलानी ने खाद के बढ़ते दामों और किसानों की बदहाल स्थिति को उजागर किया। पूर्व जिला महामंत्री अभिषेक भट्ट ने केंद्र ओर प्रदेश सरकार की नीति पर तीखा हमला करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों का मिलकर विरोध करना होगा और आगामी 2028 विधानसभा चुनाव में इसे सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से विरोध जताते हुए ठेला गाड़ी पर बाइक लेटा कर "शव यात्रा" निकाली। "ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, भाजपा को सद्बुद्धि दे भगवान" भजन गाते हुए गांधी चौराहा से पुलिस थाना कांटाफोड़ पहुंचे, जहां नायब तहसीलदार राजाराम कन्नौजे को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन निर्मल पुरोहित द्वारा किया गया।

इस दौरान योगेश पटौदी, अभिषेक जोशी, अप्पू तिवारी , विमल सुराना, रामेश्वर शर्मा , पार्षद पवन बछानिया , संतोष गोमलाडू, राम सत्तावन, सुशील सत्तावन, राजेंद्र बामणावत , दीपक मीणा, सुरेश जोनवाल, नर्मदा प्रसाद गुनावत, विष्णु सत्तावन उपसरपंच, रामेश्वर जोनवाल, ब्रह्मा सत्तावन, आनंद जारवाल, द्वारका काकरवाल, रामावतार काकरवाल, जगदीश काकरवाल, अर्जुन ठाकुर, संतोष पटेल खल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री आवास में सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहल्ला आजादपुरा नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने आवास योजना में नाम शामिल कराने के नाम पर रिश्वत मांगने और विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर कार्रवाई की मांग की है। आजादपुरा नई बस्ती निवासी शिवशंकर कुशवाहा पुत्र प्रेमनारायण कुशवाहा ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया था। आरोप है कि जब वह विभाग में आवास सूची की जानकारी लेने पहुंचा तो वहां मौजूद कर्मचारी रामनन्दन सेन ने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया और उसे कार्यालय से बाहर जाने को कहा। विरोध करने पर कथित रूप से उसे डांटकर भगा दिया गया। इसके बाद पीड़ित की मुलाकात रोहित सेन नामक एक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को विभागीय कार्य कराने वाला बताते हुए आवास दिलाने का आश्वासन दिया। आरोप है कि रोहित सेन ने कर्मचारी रामनन्दन सेन से बातचीत कराई, जिसके बाद आवास दिलाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग की गई। पीड़ित का कहना है कि जब उसने रिश्वत देने से इनकार किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौच की और भविष्य में कार्यालय आने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से पीड़ित भयभीत है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### यूपीआई फ्रॉड करके युवक के खाते से 2.17 लाख रुपए किए पार

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइबर अपराध का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक युवक के मोबाइल पर अज्ञात साइबर अपराधियों ने यूपीआई फ्रॉड के जरिए उसके बैंक खातों से कुल 2,17,000 रुपये उड़ा लिए। पुलिस द्वारा शुरुआत में कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके आदेश के बाद अब कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। महावीरपुरा निवासी उमेश झां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 फरवरी 2026 को उनके मोबाइल नंबर पर साइबर अपराधियों ने संपर्क किया और यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी की। अपराधियों ने उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सिविल लाइन के दो अलग-अलग खातों से संयुक्त रूप से 2,17,000 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने घटना के तुरंत बाद भारत सरकार के साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 10 सितंबर 2025 को उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंततः पीड़ित ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में गुहार लगाई। अदालत के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने 30 मार्च 2026 को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पुलिस ने चौबीस घंटे में झपटमारी की वारदात का किया खुलासा

# टैक्सी में जा रही महिला से झपट मारी दो आरोपी गिरफ्तार, लूटा सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली सदर पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए झपटमारी की घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन, जेवरात समेत शत-प्रतिशत माल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई।

बताया गया है कि घटना 30 मार्च 2026 की है, जब एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने मसौरा बैरियर के पास निरभान पेट्रोल पंप के निकट चलती टैक्सी से उसका पर्स झपट लिया। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए



क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमें गठित की गईं। सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना को लेकर थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तेरा निवासी कुलदीप बैस पुत्र मुकेश बैस व रोहित परिहार पुत्र गजराज परिहार बताये गये हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब और अन्य शौक पूरे करने के लिए पैसों की जरूरत थी, इसलिए उन्होंने झपटमारी की योजना बनाई। निरभान पेट्रोल पंप के पास टैक्सी में बैठी महिला के पैर पर रखा पर्स देखकर उन्होंने मोटरसाइकिल से झपट्टा मारकर पर्स छीन लिया और फरार हो गए। पीछा होने पर पकड़े जाने के डर से उन्होंने गोविंद सागर बांध के जंगल में पर्स का सामान छिपा दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 02 मोबाइल फोन, एक सफेद धातु की करधौनी, एक जोड़ी पायल, काले मोतियों की माला में पीले धातु का लॉकेट, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, सदर चौकी इंचार्ज उ.नि.प्रशांत राणा, नेहरू नगर चौकी इंचार्ज उ.नि.अंकित कौशिक, उ.नि. योगेश यादव, हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह, कांस्टेबल अमित, सूरज सिंह व राहुल कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।कैप्सन- पुलिस की गिरफ्त में शातिर बदमाश

## ट्रेन में महिला यात्री का पर्स व मोबाइल चोरी

**ललितपुर।** ट्रेन में महिला यात्री के साथ चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में जीआरपी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के गंजबासौदा निवासी स्मृति जैन पत्नी डा.सौरभ जैन 30 मार्च 2026 को कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22537) के कोच एस-4, सीट नंबर 01 पर गोरखपुर से गंजबासौदा की यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान सुबह करीब 4.18 बजे अज्ञात चोर ने उनका क्रीम रंग का लेडीज पर्स चोरी कर लिया। पर्स में दो मोबाइल फोन (रियलमी कंपनी के), जिनमें एयरटेल सिम लगे थे, के अलावा मंगलसूत्र और सोने की अंगूठियां भी रखी हुई थीं। घटना उरई रेलवे स्टेशन के आसपास की बताई जा रही है। पीड़िता की तहरीर पर जीआरपी ललितपुर ने बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी गई है। आरोपियों की तलाश के लिए जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बहू की अस्मत पर ससुर की टेढ़ी नजर, छेड़छाड़-जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक ससुर पर अपनी ही बहू के साथ अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर तालबेहट पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। तालबेहट क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 20 मार्च 2020 को झांसी में हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुर दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। भरण-पोषण के एक पुराने विवाद के बाद जब पीड़िता वापस ससुराल लौटी, तो ससुर ने सोची-समझी साजिश के तहत पति की ड्यूटी रात की शिफ्ट में लगवा दी। पीड़िता के अनुसार, 9 मार्च 2026 की रात करीब 11.00 बजे, जब वह अपने कमरे में अकेली थी, उसके ससुर कमरे में घुस आए। आरोप है कि ससुर ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। पीड़िता के चिल्लाने और 112 नंबर डायल करने पर ससुर व अन्य ससुरालीजन घर में ताला लगाकर भाग निकले। हैरान करने वाली बात यह रही कि ससुराल पक्ष ने पहले से ही पारिवारिक न्यायालय झांसी में विवाह विच्छेद (तलाक) का दावा कर रखा था और पीड़िता की अनुपस्थिति में एकपक्षीय निर्णय प्राप्त कर लिया। 10 मार्च को जानकारी होने पर पीड़िता को घर में ताला लगाकर बेदखल कर दिया गया, जिसके बाद वह अपने मायके पहुंची। तालबेहट पुलिस ने इस मामले में ससुर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

## प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में आयोजन उपयोगीः राज्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, लखनऊ उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, के तत्वाधान में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान के निर्देशन में एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश के मार्गदर्शन एवं प्रधानाचार्य ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता एवं जिला समन्वयक राहुल जैन के संयोजन में सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज महरौनी में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ,राज्य मंत्री प्रतिनिधि राघवेंद्र पटेरिया,अध्यक्ष सहकारी बैंक समिति महेंद्र सिंह राजावत,भा0जा0पा0 वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र सिंह एवं समाजसेवी पूर्व पार्षद हरिशंकर सोनी,प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। अतिथियों ने सभी बाल गणितज्ञों के मॉडलों,पोस्टरो का अवलोकन किया एवं उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का स्वर्णिम अवसर मिलता है, जिला विज्ञान क्लब अच्छा कार्य कर रहा है, इनके प्रत्येक कार्यक्रम उच्च कोटि का रहता है। विषय विशेषज्ञ व्याख्यानकर्ता डॉ0 रोहित वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा देश के महान गणतिज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन एवं कार्यों के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। जिला समन्वयक राहुल जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने गणितीय मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें कोणों के प्रकार, थ्री डी नेट शेप, ग्राफ इन्वर्स, ट्रिग्नोमेट्री पार्क, वर्ग विधि, वर्ग प्रमेय, इंटरसेक्शन ऑफ सेट, एल सी एम, नंबर सिस्टम, लाइन्स एंड एंगल्स आदि मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने गणित पर विभिन्न आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन अजित जैन, सुषमा मौर्य, अनिल कुमार, विजय बहादुर सिंह, करुणाशंकर, अरविंद, रीना,नितिन शुक्ला ने किया।गणित मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान वेदांश,द्वितीय स्थान जयपाल एवं तृतीय पार्थ नयन, ओम साहू, अक्षांश साहू ने प्राप्त किया। गणित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आदि जैन, द्वितीय स्थान शुभी मिश्रा एवं तृतीय स्थान रागनी ने प्राप्त किया।

## जिलाधिकारी के प्रभावी पत्राचार से लंबे समय से शासन में अटकी भूमि को मिली हरी झंडी

### इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थलेव और 100 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक का होगा निर्माण : डीएम



**ललितपुर।** जिले के विकास में लम्बे समय से बाधक बनी आराजी संख्या-3727/2 रकवा 1.416 हे., मौजा ललितपुर, परगना तहसील व जिला ललितपुर के खेवट खाता संख्या-53 नजूल नगर पालिका के खाता संख्या-360 में दर्ज भूमि से 3250 वर्गमीटर भूमि पीएम अभीम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय व राजकीय मेडिकल कॉलेज स्तर पर इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब और 100 बैड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्मित कराये जाने हेतु उपरोक्त भूमि को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निरंतर प्रयास व प्रभावी पत्राचार के फलस्वरुप उत्तर प्रदेश शासन आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में हस्तांतरित की गई है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि वह उपरोक्त भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में अभिलेखों में इन्द्राज करते हुए हस्तांतरित कर कब्जा दखल दिलाना सुनिश्चित करें, ताकि जनपदवासियों के लिए स्वास्थ्य परियोजनाओं का और अधिक विकास कर स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के लिए मुहैया कराया जा सके। इस दौरान डीएम सत्य प्रकाश ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, इसके लिए वह लगातार इन्फ्रास्ट्रक्चर अवस्थपना सुविधाओं के लिए प्रयासरत हैं, वहीं माहवार जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं की समीक्षा करते हैं और सम्बंधित चिकित्सकों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं।

## पराली में आग लगाकर मारपीट करने का आरोप



**ललितपुर।** खेत में पड़ी पराली को आग लगा देने और पुलिस को सूचना देने और ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग बुझाने का प्रयास करने के दौरान विपक्षियों द्वारा गालियां देते हुये हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। प्रकरण में मड़ावरा के ग्राम गंगचारी निवासी शिवराज सिंह पुत्र रामसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 मार्च को रात करीब 10 बजे उसके खेत में गांव के कुछ दबंग लोगों ने पराली को जला दिया। इस पर उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना देकर अपने ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। तीाी उसके भाई राजेश सिंह, तिलक सिंह, भतीजे जयपाल सिंह, रोहित सिंह आ गये और आग बुझवाने लगे। तभी गांव के गांव के आधा दर्जन से अधिक लोग मौके पर आ धमके और आग बुझाने से मना करने लगे और गालियां देते हुये एकराय होकर उसके भाई, भतीजों को लाठी-डण्डा, फरसा, कुल्हाड़ी, भाला आदि से मारपीट करने लगे, जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मामले का वीडियो भी वायरल हुआ था। प्रकरण में पीड़ित ने मामले की जांच करायी जाकर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# रिजर्व पुलिस लाइन्स में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का भव्य उद्घाटन





**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में स्थित सम्मेलन कक्ष के जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा उसका विधिवत उद्घाटन किया गया। खास बात यह रही कि उद्घाटन सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के हाथों फीता कटवाकर और शिला पट्टिका का अनावरण कर कराया गया, जिससे कार्यक्रम भावनात्मक और यादगार बन गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह नया सम्मेलन कक्ष विभागीय बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विभिन्न गोष्ठियों के आयोजन में महत्वपूर्ण होगा। कार्यप्रणाली में दक्षता, पारदर्शिता और समन्वय सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके लंबे और सराहनीय सेवा काल के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना करते हुए उनके योगदान को सराहा। इसमें एएसपी कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन सुनील कुमार भारद्वाज, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तवारक हुसैन, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## फसल कटाई के पैसे मांगने पर हार्वेस्टर स्टाफ को पीटा

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरसी में फसल कटाई के पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि खेत मालिक और उसके साथियों ने मिलकर हार्वेस्टर मालिक को गालियां दीं और बीच-बचाव करने आए स्टाफ के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद अभियुक्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना कोतवाली के ग्राम अनौरा निवासी रतिराम पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह राममिलन यादव के साथ साझेदारी में हार्वेस्टर चलाता है। सोमवार को वे ग्राम सिरसी में राघवेन्द्र यादव के खेत में फसल की कटाई कर रहे थे। शाम करीब 5 बजे जब कटाई का काम पूरा हुआ और रतिराम ने राघवेन्द्र से मजदूरी के पैसे मांगे, तो राघवेन्द्र और उसके साथियों ने उसे भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। गाली-गलौज का विरोध जब हार्वेस्टर स्टाफ जिला पीलीभीत निवासी हरीशंकर और राजू ने किया, तो विपक्षी उग्र हो गए। आरोप है कि सिरसी निवासी राघवेन्द्र व मौसम पुत्रगण गोविन्द सिंह यादव, विन्द्रावन पुत्र गनेश प्रजापति व रिंकू पुत्र कल्यान यादव ने मिलकर स्टाफ के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। जखौरा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को आरोपियों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक मूलचंद्र यादव को सौंपी गई है।

## ग्रापए जिलाध्यक्ष ने संगठन मजबूती

# मड़ावरा में हुआ पुनर्गठन, विजय सेंगर बने फिर से तहसील अध्यक्ष

**मड़ावरा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) की तहसील इकाई मड़ावरा का पुनर्गठन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से विजय सिंह सेंगर को ए बार फिर तहसील अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह की उपस्थिति में हुए इस चुनाव में संरक्षक के रूप में शिवकुमार त्रिपाठी कोचुना गया। अभय राजा, इंद्रपाल सिंह और जाकिर खान महामंत्री बनाए गए। उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश राय, अजीज मोहम्मद और राहुल श्रोती को जिम्मेदारी दी गई। प्रदीप सिंह कोषाध्यक्ष, जितेंद्र पाल मीडिया प्रभारी और रामकुमार पटेल ऑडिटर चुने गए। इसके अतिरिक्त, रामगोपाल पाल, अखिलेश साहू और धर्मदीप रावत को मंत्री पद पर नियुक्त किया गया। विक्रम सिंह तोमर संगठन मंत्री बने। कृष्णकांत मिश्रा, स्वदीप, सोनू सोनी, कमलेश कश्यप, सौरभ पाल, राजीव जैन और अखंड प्रताप सिंह को सक्रिय सदस्य के रूप में चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है, जो ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों के हितों के लिए लगातार कार्य करता रहा है। तहसील इकाइयों से एकजुटता से काम करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष ने मासिक बैठकों में उपस्थिति को अनिवार्य बताया तीन बैठकों में अनुपस्थित सदस्यों को निष्क्रिय मानकर संगठन से बाहर कर दिया जाएगा।

# पूर्व सांसद स्व.सुजान सिंह बुन्देला की तृतीय पुण्य स्मृति पर श्रद्धांजलि अर्पित

**ललितपुर।** पूर्व सांसद बड़े राजा साहब स्व.सुजान सिंह बुंदेला की तृतीय पुण्य स्मृति पर अन्नपूर्णा भोजनालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान गरीबों और जरूरतमंदों के लिए भोजन एवं प्रसाद का वितरण किया गया, जो उनकी जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रतीक रहा।

स्व.सुजान सिंह बुंदेला बुंदेलखंड की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्तित्व थे। वे दो बार झांसी-ललितपुर क्षेत्र से लोकसभा सांसद रह चुके थे और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता के रूप में जनसेवा, ईमानदारी तथा समाज कल्याण के प्रति अपनी निष्ठा के लिए याद किए जाते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी याद में सेवा कार्य कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, पूर्व नगर पालिका



अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेबे सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बालकृष्ण नायक नन्ना, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश लोधी, अजित जैन, स्नातक विधायक प्रतिनिधि विजय यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, एड. हरदयाल लोधी, सतेन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, अमरपाल सिंह बुन्देला, भगतराजा बुंदेला, महेंद्र अग्निहोत्री, पूर्व पार्षद सलीम मंसूरी, सेतु यादव, वीरेन्द्र पुरोहित, शाकिर खान, संदीप बबेले, प्रकाश राय, अश्वनी पुरोहित, गोलू, संजय जैन, रिंकू, बॉबी परमार, पुष्पेंद्र बुंदेला, मनोज, तिलक बानोली, अनिल शर्मा, द्वारका निरंजन, मनोज सोनी और अन्य कई सम्मानित नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने स्व.बुंदेलाजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी सादगी, जनसेवा और बुंदेलखंड के विकास के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।

## अभिनंदनोदय तीर्थ से विमान जी में विराजित निकली शोभायात्रा

# पांडुकशिला पर श्रद्धालुओं ने किया श्री जी अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर अभिनंदनोदय तीर्थ से श्री जी की भव्य शोभायात्रा वर्णी जैन कालेज की भूमि पाण्डुकशिला पर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने श्री जी का अभिषेक कर धर्मलाभ लिया।

आज प्रातःकाल अभिनंदनोदय तीर्थ से विमान जी में विराजित श्री जी की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निर्धारित मार्ग से होते हुए श्री वर्णी जैन कालेज की भूमि स्थित पाण्डुकशिला पर पहुंची। जहां श्रेष्ठी नरेन्द्र जैन राजश्री के मार्गदर्शन में अभिषेक शान्तिधारा आदि की मांगलिक कियाए हुई जिसमें संयोजक सनत जैन खजुरिया, कोषाध्यक्ष सीए सोरभ जैन, सनत कुमार, राजीव कुमार, अलोक जैन लागौन, शिक्षक पुष्पेन्द्र जैन देवाश जैन मडावरा, जैन पंचायत के आडीटर पं० पवन जैन अमित जैन अंतिम जैन, सनत कुमार, ललित कुमार खनियाधाना, प्रकाश चंद जैन सतरवांस परिवार द्वारा की गई। श्री जी के अभिषेक के उपरान्त




आरती रूपचंद जिनेन्द्र जैन गौरा परिवार ने भक्तिपूर्वक की। कार्यकम के प्रारम्भ में पंचायत समिति के पदाधिकारियों ने आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण कर के दीपप्रज्जवलित किया। जबकि मंगलाचरण पलक जैन ने भक्तिपूर्वक किया। इस मौके पर जैन पंचायत के अध्यक्ष डा० अक्षय टडैया ने वर्णीकालेज की भूमि पर भव्य शिक्षा के आलय स्थापना का संकल्प दोहराया। उन्होने वर्णी कालेज भूमि की विवादित स्थिति से अवगत कराते हुए कहा शीघ्र ही जैन समाज इस भूमि पर जनहित में कल्याणकारी योजनाए शिक्षा का केन्द्र बनाकर सर्व समाज के हित में कार्य करेगी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जैन पंचायत द्वारा धार्मिक आयोजन समिति के संयोजक प्रतीक इमलिया एवं राकेश जैन रिंकू को महावीर जयंती की संयोजना में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन, अभिनन्दनोदय तीर्थ प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक दैलवारा, शीलचंद अनौरा, महेन्द्र मडवैया, श्रयांस जैन गदयाना, प्रफुल्ल कुमार दैलवारा, पंकज जैन सिमरा, अमित जैन पुल्ली, अनंत सराफ, राजकुमारसराफ, महेन्द्र पंचमनगर, भागचंद मोदी, सुनील जरावली, पुष्पेन्द्र सिंघई, शिखरचंद जैन बंट, सुनील सराफ, संतोष जैन गदयाना आदि मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर जैन मिलन सिविल लाईन, जैन बैंकर्स फोरम द्वारा मिष्ठान वितरण एवं श्री विद्यासागर व्यायामशाला ललितपुर का विशेष सहयोग रहा। आयोजन स्थल से श्री जी विमान जी में विराजित कर निर्धारित मार्ग से अभिनंदनोदय तीर्थ पहुंचे उन्हें मंदिर में विराजमान किया गया। श्रद्धालुजन जय जयकार करते हुए चल रहे थे।

### राजगढ़ पुलिस ने 25 को ही हटा ली थी अपनी पुलिस चौकी एवं सुरक्षा व्यवस्था

# बगैर वक्फ बोर्ड की अनुमति 25 मार्च के बाद भी चलता रहा सालाना उर्स





हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय स्थित बाबा बदख्शानी पर इस साल लगे 112वें सालाना उर्स ने कई तरह के सवालात खड़े कर दिए हैं। मध्यप्रदेश शासन के अधीन आने वाले वक्फ बोर्ड भोपाल ने इस उर्स के संचालन की अनुमति सिर्फ 25 मार्च तक के लिए दी थी इसके बावजूद दरगाह कमेटी ने मनमानी करते हुए उर्स का संचालन 30 मार्च की रात्रि तक जारी रखा। दरगाह कमेटी द्वारा राजगढ़ प्रशासन एवं आमजनों को उर्स का जो प्रोग्राम उपलब्ध करवाया गया था उसके अनुसार उर्स की मियाद 25 मार्च तय की गई थी। इसके बावजूद टेंट, लाइट, जगह स्थान की अनुमति कमेटी द्वारा लिखित या अलिखित रूप से दुकानदारों को दे दी गई।

हरिभूमि टीम ने जब रविवार रात्रि उर्स क्षेत्र का दौरा किया तो अनेकों दुकानें वहां सजी हुई पाई गईं। इसके साथ ही टेंट, लाइट का ठेका जिस व्यक्ति को 25 मार्च तक के लिए दिया गया था उसने भी 29 मार्च की रात्रि तक ठेके को चालू रखा। इसमें कहीं न कहीं कमेटी की भूमिका संदेहास्पद नजर आ रही है।

#### कोई घटना हुई तो कौन होगा जिम्मेदार

29 मार्च की दोपहर से रात्रि तक अनेकों दोपहिया वाहन दरगाह क्षेत्र में दौड़ते नजर आए। जबकि, पुलिस प्रशासन ने अपनी पुलिस चौकी सहित सुरक्षा के सभी इंतेजामात पूरी तरह इसलिए वापस ले लिए थे क्योंकि अनुमति सिर्फ 25 मार्च तक के लिए मांगी गई थी।

#### सदर की जगह बेटा कर रहा काम

सालाना उर्स के ठीक पहले वक्फ बोर्ड ने कमेटी को भंग कर नई कमेटी बनाते हुए सदर की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद इलियास सिद्धिकी को सौंपी थी। तत्कालीन सदर मोहम्मद शफीम गामा से उसी दिन चार्ज ले लिया गया और संपूर्ण जिम्मेदारी नई कमेटी द्वारा सम्हाल ली गई थी। कमेटी द्वारा छपवाए/प्रकाशित करवाए गए पर्चे में जिन सदर का नंबर उल्लेखत किया गया है उनकी जगह उनके बेटे अनस द्वारा बातचीत की जाती पाई गई।

#### रिसवी नहीं किया फोन

हरिभूमि ने इस संबंध में जब कमेटी द्वारा छपवाए गए सदर के नंबर पर कॉल लगाकर पांच दिनों तक उर्स का संचालन क्यों जारी रखा गया, इस बारे में पूछताछ करना चाही तो उस नंबर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इधर, राजगढ़ नगर के नागरिकों का कहना है इस पूरी कतिथ अनियमितता को वक्फ बोर्ड भोपाल तक पहुंचाकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री सहित अन्य सुसंगत स्थानों पर पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। इसके साथ ही आरटीआई अधिनियम के जरिए 112वें सालाना उर्स में हुए सभी तरह के खर्च, आवक, समूचे टैंडरों की प्रमाणित प्रतियां भी वक्फ बोर्ड भोपाल से तलब की जाएंगी।

#### इनका कहना है

मैं उर्स की व्यवस्थाओं में व्यस्त हूं। आप बाद में बात कर लीजिएगा।

अनस पिता मो. इलियास सिद्धिकी (पुत्र सदर, दरगाह कमेटी) राजगढ़।

# नपा परिषद की साधारण सभा में बजट पारित, 52332 रुपए की दिखाई बचत



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगर पालिका परिषद की साधारण सभा बैठक सोमवार को अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। खास बात यह रही कि इस बजट में 52,332 रुपये की बचत दर्शाई गई तथा किसी भी नए कर का प्रस्ताव नहीं रखा गया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे ने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस साल की कुल प्रस्तावित आय 1,42,58,10,224 रुपये तथा कुल प्रस्तावित व्यय 1,42,57,57,892 रुपये रखा गया है। इस प्रकार कुल 52,332 रुपये की बचत का बजट परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

#### आय की प्रमुख स्त्रोत

बजट में आय के प्रमुख स्त्रोतों में शासन से प्राप्त चुंगी क्षतिपूर्ति, यात्रीकर क्षतिपूर्ति, विभिन्न अनुदान, विशेष निधि, अमृत 2.0 योजना, कायाकल्प अभियान, स्वच्छ भारत मिशन एवं स्थानीय कर जैसे संपत्तिकर और समेकित कर शामिल हैं।

#### व्यय के प्रमुख मद

प्रस्तावित व्यय में कर्मचारियों के वेतन-भत्ते, नगर के वाहनों के डीजल व संधारण, तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाएंकृसड़क, नाली, बिजली, पेयजल और साफ-सफाई शामिल हैं। इसके अलावा नगर सौंदर्यीकरण के तहत पार्क निर्माण, बस स्टैंड विकास, सड़कों का डामरीकरण, नवीन बस स्टैंड निर्माण, यात्री प्रतीक्षालय, सिंहस्थ से संबंधित व्यवस्थाएं और ऑडिटोरियम निर्माण को भी बजट में स्थान दिया गया है।

#### विशेष प्रावधान और विकास कार्य

अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बताया कि बजट में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए "गीता भवन" स्थापना, ऑडिटोरियम निर्माण तथा वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेले के मद्देनजर एबी रोड बायपास पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय निर्माण जैसे कार्य शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही नगर विकास के अंतर्गत कपिलेश्वर लोक निर्माण, शीलनाथ जी धूना स्थल पर घाट, पार्क, भवन एवं सड़क निर्माण कार्य भी प्रस्तावित हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा सहित पार्षदगण और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी के आरोप में एक ही परिवार के दो पक्ष भिड़े, 14 घायल 2 की हालात गंभीर



**सारंगपुर।** लीमा चौहान थानांतर्गत ग्राम भ्याना में सोमवार को विद्युत ट्रांसफार्मर से बिजली जोड़ने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि वह खूनी संघर्ष में बदल गया। चचेरे रिश्तेदार राठौर परिवार के दोनों पक्षों के बीच हुई इस झड़प में 14 लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक गांव में एक निजी विद्युत ट्रांसफार्मर से दूसरे पक्ष द्वारा कथित रूप से अवैध रूप से बिजली कनेक्शन जोड़ लिया गया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों और से लाठियां, डंडे और लात-घूंसे चलने लगे। कुछ ही देर में मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही लीमाचैहान थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। जहा डॉ. अभिलाषा चैधरी द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने दो घायलों की हालत गंभीर पाई, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया है। शेष घायलों का इलाज सारंगपुर में ही जारी है। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से हालात नियंत्रण में हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही मारपीट और अवैध बिजली कनेक्शन के संबंध में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

#### विवाद में यह लोग हुए घायल

बिजली कनेक्शन जोड़ने के मामले में पहले पक्ष से जयराम राठौर, दीपक राठौर, पियूष राठौर, रवि राठौर, राहुल राठौर, ललता बाई घायल हुए, वहीं दूसरे पक्ष से देवकरण राठौर, संतोष राठौर, गोविंद राठौर, गिरिराज राठौर, गोकल बाई राठौर, कन्हैया लाल राठौर गंगाधर राठौर, रामविलास राठौर घालय हुए हैं।

## राजगढ़ की शिक्षिका आपदा प्रबंधन के लिए सम्मानित




राजगढ़। जिले के कालीपीठ संकुल के तहत आ रहा घोघरिया कला प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका मनीषा व्यास को आपदा प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया है। मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान आयोजित में दिवसीय "भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम" एवं "ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव" विषयक प्रशिक्षण पर अपने विचारों और बच्चों को इस विषय पर समझाने के लिए मनीषा सम्मानित की गईं। उक्त पांच दिवसीय आयोजन 26 मार्च से 30 मार्च 2026 तक पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजगढ़ में किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें एवं अंतिम शिक्षिका इस सम्मान से नवाजी गई। इस सम्पूर्ण आयोजन में महाविद्यालय, पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, होमगार्ड, एसडीईआरएफ, निजी विद्यालयों, सिविल डिफेंस वालंटियर्स एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट डीआर वर्मा ने पूरे आयोजन की रूपरेखा तैयार की थी अंत में पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न किस्मों के पौधे रौपकर उनके बचाव का संकल्प लिया गया।

# करंट की चपेट में आने से कानरखेड़ी के युवक की भोपाल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

ग्राम कानरखेड़ी निवासी एक युवक की भोपाल में काम के दौरान करंट लगने से असामयिक मृत्यु का मामला सामने आया है। मृतक सोनू वर्मा पिता स्व. पूरन हरिजन जो भोपाल में मिस्त्री का कार्य कर अपने परिवार की जीविका चला रहा था। सोमवार को हुई इस घटना के बाद परिजनों में शोक छाया हुआ है।



मृतक के परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनू सोमवार दोपहर एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर वह काम कर रहा था, वहां फर्श पर पानी भरा हुआ था। इसी दौरान किसी मशीन का बिजली का तार पानी में गिर जाने से वहां करंट फैल गया। परिजनों का कहना है कि सोनू इस खतरे से अनजान था और जैसे ही वह उस पानी के संपर्क में आया, उसे जोरदार झटका लगा। परिजनों के मुताबिक, जिस समय यह हादसा हुआ, सोनू वहां अकेला था। जब काफी देर बाद उसका साथी वहां पहुंचा, तब तक सोनू दम तोड़ चुका था। आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन भोपाल पहुंचे और मृतक को भोपाल हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस की कार्रवाई और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शेष है। परिजनों के अनुसार, वे इस मामले में उचित जांच की मांग कर रहे हैं ताकि हादसे के सही कारणों का पता चल सके।

## वाहन सहित सागौन की लकड़ी जब्त की

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के वन विभाग ने अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित लकड़ी जब्त की है। वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव एवं उपवनमंडल अधिकारी हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे के निर्देशन में 28 मार्च को मुखबिर सूचना पर टीम ने एनएच-146 पर घेराबंदी की। देर रात ग्राम मानौरा पुलिया चौक पर संदिग्ध वाहन पकड़ा गया। चालक दीपक प्रजापति से पूछताछ में अवैध परिवहन की पुष्टि हुई। जांच में अजय विश्वकर्मा को भी तलब किया गया, जिसने लकड़ी ग्राम काप में रघुवीर के घर पहुंचाने की बात स्वीकार की। टीम ने मौके से 12 नग सागौन चरपट व संदिग्ध बिल जब्त किया। प्रकरण में वन अपराध दर्ज कर कार्रवाई जारी है।

# उड़न दस्ता टीम की कार्रवाई, अवैध लकड़ी परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम धमंदा क्षेत्र में रविवार शाम वन विभाग के उड़न दस्ता दल ने कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर उड़न दस्ता टीम पेट्रोलिंग पर थी।

इसी दौरान छपरा से सारंगपुर की ओर पाडल्या माता क्षेत्र में लकड़ी से भरे दो ट्रैक्टर आते दिखाई दिए। टीम ने वाहनों को रोककर चालकों से पूछताछ की। पूछताछ में चालकों ने अपना नाम जमील अंसारी पिता अंसार खां एवं सरफराज पिता अब्दुल गफ्फार, निवासी सारंगपुर बताया। जांच के दौरान दोनों के पास लकड़ी परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। इसके बाद टीम ने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 42 ए 3627 एवं एमपी 46 ए 5970 को लकड़ी सहित जब्त कर लिया। जब्त वाहनों को पुलिस थाना लिमाचैहान की अभिरक्षा में रखा गया है। वन विभाग ने अभिवहन वनोपज नियम 2022 के तहत वन अपराध का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में वन मंडल अधिकारी बेनी प्रसाद दौतानिया एवं उपवन अधिकारी दिनेश यादव के निर्देशन में उड़न दस्ता प्रभारी डी.के. भिलाला, वाहन चालक जितेंद्र सिंह तंवर, सुमेर सिंह गुर्जर, चैकीदार बनेसिंह और महेश सहित अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।



# पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने आमजन से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने रविवार शाम बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतनपुर में जनसंवाद चौपाल का आयोजन किया।

इस पहल के तहत उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाने पर जोरचौपाल का मुख्य उद्देश्य जिले में भयमुक्त, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना था। एसपी वासल ने उपस्थित महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों से संवाद करते हुए नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023), पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल मजदूरी अधिनियम 1986, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में अभिभावकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने लोगों को छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। सड़क सुरक्षा, हेल्पलाइन और बच्चों को प्रेरित करनाएसपी वासल ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग का महत्व बताया और नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने आईपीएस बनने और पुलिस सेवा से जुड़े प्रश्न पूछे। एसपी वासल ने मेहनत, अनुशासन और लगातार प्रयास को सफलता की कुंजी बताते हुए उन्हें प्रेरित किया।सकारात्मक माहौल और पुलिस-जन विश्वासग्राम पंचायत सतनपुर के प्रतिनिधि जितेंद्र तोमर, ग्राम पंचायत छिपोन के सरपंच संजेव धाकड़, चुराई के सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एसपी वासल का पुष्पगुच्छ और पुष्पमाला से स्वागत किया।



# मौसम बदला: तेज हवा के साथ आधा घंटे बारिश, आसपास क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए और शाम 6 बजे देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से जनजीवन प्रभावित हुआ और लोगों को गर्मी से थोड़े-बहुत राहत मिली। बारिश से पहले चली तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर धूल का गुबार छा गया, जिससे दृश्यता भी कम हो गई।

तेज हवाओं के चलते कुछ जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, हालांकि किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली है। नगर के आसपास के ग्राम मानपुरा, साहूखेड़ी क्षेत्रों से ओलावृष्टि की भी खबरें सामने आई हैं। किसानों के अनुसार कुछ गांवों में हल्की से मध्यम ओले गिरने से खड़ी फसलों को आंशिक नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। विशेष रूप से गेहूं और सब्जी फसलों पर इसका असर पड़ सकता है। अचानक हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। वहीं, लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। शाम के समय सड़कों पर पानी भर जाने से कुछ देर के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है। नागरिकों को सतर्क रहने और तेज हवाओं के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।





### समाज के पदाधिकारियों ने सत्य, अहिंसा की राह पर चलने का दिया संदेश

# महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा श्री पाष्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई, जो सदर बाजार, महाकाल चौराहा, गांधी चैक, महावीर मार्ग होते हुए महावीर दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंची। वहां पर श्रीजी के अभिषेक हुए उसके बाद जैन युवा मंच द्वारा अतिथियों का ठंडाई से स्वागत किया गया। वहां से चल समारोह पुनः शुरू हुई जो की त्रिपोलिया बाजार, अंबे माता मंदिर, पटवा बाडी, जामा मस्जिद चैराहा होता हुआ पुन श्री पाशर्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचा। सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य पारस जैन एवं मनोज जैन पांदा को प्राप्त हुआ। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर भगवान महावीर के अभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई, उसके पश्चात प्रभावना का वितरण किया गया। चल समारोह में बैंड ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। बैंड की प्रस्तुति पर जैन युवा मंच, सकल जैन समाज के पदाधिकारी एवं समाजजन ने नृत्य कर भक्ति की गई। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष निर्मल जैन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

## वर्धमान के जन्मोत्सव पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा जैनालय में पूरे दिन चले विभिन्न आयोजन



**राजगढ़।** भारत के बिहार राज्य में जन्मे वर्धमान जो आगे जाकर अहिंसा को आगे बढ़ाने वाले देव तुल्य बनकर भगवान महावीर कहलाए उनका जन्मोत्सव जैन समाज द्वारा धूमधाम एवं विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर जैन समाज सहित अन्य नागरिकगणों द्वारा गुरुवार प्रातः राजगढ़ मुख्यालय पर एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिनालय से आरंभ हुई यह शोभायात्रा नगर की पीटी कंपनी, कोतवाली क्षेत्र, रानी लक्ष्मी चौराहा, मेन मार्केट, तुल्ली चैक, किला, पुरा क्षेत्र होते हुए पुनः जिनालय पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा भी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए एवं भगवान का आर्शिवचन लिया। शोभायात्रा के समापन उपरान्त जिनालय में पूरे दिवस विभिन्न तरह के धार्मिक आयोजन चलते रहे। समाज के पदाधिकारियों ने बच्चों को सदैव सत्य, अहिंसा की राह पर चलने का संदेश सुनाया।